भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 420

गुरुवार, 6 फरवरी, 2025/17 माघ, 1946 (शक)

अमेज़न इंडिया का एनसीएस पोर्टल के साथ एकीकरण

420. श्री बृज लाल:

डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मंत्रालय और अमेज़न इंडिया के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) का विशिष्ट ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मंत्रालय अमेज़न इंडिया द्वारा राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए रोजगार के अवसरों को अन्य सरकारी रोजगार योजनाओं और पहलों, जैसे कौशल विकास कार्यक्रम या ग्रामीण रोजगार परियोजनाओं के साथ एकीकृत करने की योजना बना रहा है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ग) : राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल देश भर के सभी हितधारकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है।

मंत्रालय ने रोजगार चाहने वालों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए क्विकर, फाउंडिट, क्वेस कॉर्प, टीमलीज इत्यादि जैसे कई निजी नौकरी पोर्टलों तथा सिग्नस मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड, टीएमआई समूह और अमेज़ॅन इंडिया आदि जैसी कंपनियों के साथ साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इन पोर्टलों में उपलब्ध रिक्तियों को एकीकरण के माध्यम से एनसीएस पोर्टल पर भी उपलब्ध कराया जाता है।

एनसीएस पोर्टल स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) के साथ एकीकृत है जिसे विशेष रूप से नौकरियों और उद्यमशीलता के अवसरों के लिए एक ऑनलाइन प्रशिक्षण मंच के माध्यम से व्यक्तियों की स्किलिंग, रि-स्किलिंग और अप-स्किलिंग के लिए डिज़ाइन और विकसित किया गया है। एनसीएस पोर्टल को एसआईडीएच के साथ एकीकृत करने से एसआईडीएच पर कुशल नौकरी चाहने वालों (रोजगार/बेरोजगार) के लिए एनसीएस पोर्टल का लाभ उठाने और नौकरी चाहने वालों (रोजगार/बेरोजगार) के लिए एसआईडीएच द्वारा दी जाने वाली कौशल सेवाओं का लाभ उठाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इसके साथ-साथ, एनसीएस पोर्टल को उद्यम, ई-श्रम, स्किल इंडिया पोर्टल, ईपीएफओ, ईएसआईसी, एमएचआरडी, डिजीलॉकर जैसे सरकारी पोर्टलों और विभिन्न राज्यों के रोजगार पोर्टलों के साथ एकीकृत किया गया है तथा संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड, रेलवे भर्ती बोर्ड आदि जैसे सरकारी भर्ती निकायों के साथ संबद्ध किया गया है ताकि अचयनित अभ्यर्थियों के अंक अन्य नियोक्ताओं को उपलब्ध करवाए जा सके जिससे उन्हें नियोजनीय उम्मीदवारों की पहचान करने में सहायता मिल सके।

***